## खबर संक्षेप

### टिकरी में हॉकी इंडिया चैंपियनशिप संपन्न

**करनाल।** टिकरी, करनाल स्थित नव-निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम में आज तीसरी हॉकी इंडिया महिला चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। 15 से 23 नवंबर तक चले इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन नवल टाटा ओडिशा और राउंडग्लास पंजाब के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी क्रम में जय भारत हॉकी और दिल्ली टीम के बीच एक रोमांचक प्लेसमेंट मैच भी आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में हॉकी जगत की कई बड़ी हस्तियाँ उपस्थित रहीं और हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ खिलाड़ियों व अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### कांग्रेस कमेटी ने कंबल वितरित किए

करनाल। पीजीआई एम एस रोहतक के वे कर्मचारी जो अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर सेक्टर-12 में लंबे समय से धरने पर बैठे हुए हैं, उन्हें ठंड से राहत देने के लिए करनाल जिला शहरी कांग्रेस कमेटी ने आज कंबलों का वितरण किया। कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से संघर्षरत हैं।
जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने आश्वस्त किया कि यदि और किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, कांग्रेस कमेटी पूरा सहयोग करेगी। कार्यक्रम में राजेश चौधरी, जसबीर पानू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुधिराज, एनएसयूआई सचिव पंकज गाबा, साहिल शर्मा, दिलशेर डाचार, ललित आहुजा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्पिनी का कार पार्क सेक्टर-39 में शुरू

**करनाल।** सेकेंड हैंड कार खरीदने-बेचने वालों के लिए अच्छी खबर है। लोकप्रिय फुल-स्टैक कार प्लेटफॉर्म स्पिनी ने सोनीपत, करनाल और अंबाला में अपने नए कार पार्क शुरू कर दिए हैं।
करनाल का नया पार्क सेक्टर-39 में शुरू किया गया है।
उद्घाटन के अवसर पर स्पिनी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट हनीष यादव ने बताया कि ग्राहकों को 200-प्वाइंट चेकिंग के बाद प्रमाणित कारें एक ही स्थान पर देखने, टेस्ट ड्राइव करने और खरीद प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राहकों को मिलेगी जैसे घर पर या पार्क में टेस्ट ड्राइव सुविधा, 5 दिन की मनी-बैक गारंटी 1–3 वर्ष की वारंटी पारदर्शी कीमत, न्यूनतम पेपरवर्क पुरानी कार के लिए घर बैठे मूल्यांकन व उसी दिन भुगतान स्पिनी ने कहा कि यह विस्तार लोगों के लिए भरोसेमंद और सुविधाजनक कार खरीद-बिक्री अनुभव प्रदान करेगा।

### पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** जिला की यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा वाहन चालकों को जागरूक किया। डीएसपी सुरेश सैनी ने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक व चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं।

## श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल में नामी पहलवानों ने दिखाया दमखम

# दंगल में हरियाणा सहित कई राज्यों के पहलवानों ने दी एक दूसरे को पटखनी

तीन दिनों तक चले मुकाबलों में हरियाणा सहित कई राज्यों के नामी पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल का रविवार को पारंपरिक अंदाज में समापन हुआ। कमेटी के प्रधान रामधन कांबोज व वरिष्ठ उपप्रधान पालाराम पहलवान ने कहा कि कुश्ती दंगल भारत का पारंपरिक और गौरवशाली खेल है, जिसे कमेटी पिछले 75 वर्षों से निरंतर आयोजित करती आ रही है। उन्होंने कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है तथा दंगल आज भी देश के सभी राज्यों में लोकप्रिय है। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में हरियाणा सहित कई राज्यों के नामी पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता व उपविजेता पहलवानों को कमेटी द्वारा लाखों रुपये के इनाम प्रदान किए गए।



**करनाल।** श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल में जोर आजमाइश करते पहलवान। *फोटो : हरिभूमि*

### तीसरे दिन के मुख्य परिणाम

गुर्ज कुश्ती : विक्की मिर्चपुर ने प्रदीप रायपुर को हराया।
**पूल ए** : प्रदीप रायपुर ने विशाल हिसार, विक्की मिर्चपुर ने शुभम जींद, लोकेश सोनीपत ने अंगद रोहतक, आदित्य मिर्चपुर ने सुखदेव मूनक को पराजित किया।
राउंड-2 : विक्की मिर्चपुर ने लोकेश सोनीपत, समर्थ सोनीपत ने आदित्य मिर्चपुर, अंकुश ने जीतू, दीपक पिल्लूखेड़ा ने वंश पानीपत को हराया।
समर्थ सोनीपत ने समर्थ जींद, अभय रायपुर ने नीतिन दिल्ली, जीतू मधुबन ने हर्ष को हराया।
**पूल बी राउंड-2** : रोहित मोर मिर्चपुर ने कृष पानीपत, साहिल सोनीपत ने परीक्षित, योगेश रायपुर ने संदीप और प्रदीप रायपुर ने जतिन सांभली को पराजित किया।

### ये रहे मौजूद

रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय श्री जगदंबा देवी पंखा दंगल का रविवार को पारंपरिक अंदाज में समापन हुआ। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में हरियाणा सहित कई राज्यों के नामी पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। व प्रधान रामधन कांबोज, वरिष्ठ उपप्रधान रामचंद्र उर्फ पालाराम पहलवान, राजिंद्र नंबरदार, फूल सिंह, रिंकल चौधरी, विनोद कांबोज, गोपीनाथ शर्मा, कर्णवीर आर्य, कृष्ण डाबरा, बालकिशन शर्मा, आशीष शर्मा, सतीश, राहुल ठक्कर, साहिल अग्रवाल सहित कमेटी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य।

# अग्रकुल सेवा संस्था की बैठक में बनी रणनीति

■ बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने की, जबकि संचालन महासचिव नरेश गर्ग ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अग्रकुल सेवा संस्था की आम सभा की बैठक महाराजा अग्रसेन भवन, सेक्टर-8 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने की, जबकि संचालन महासचिव नरेश गर्ग ने किया। प्रधान विनोद गुप्ता ने संस्था द्वारा वर्षभर में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार जताया। कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मीटिंग में देशहित और समाजहित से जुड़े नए अभियानों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। संस्था ने घोषणा की कि होनहार एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में आने वाली किसी भी बाधा को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। संस्था द्वारा एक संक्षिप्त पत्रिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें समाज के त्योहारों, आयोजनों और गतिविधियों से संबंधित जानकारी साझा की जाएगी। संरक्षक शम्मी बंसल ने कहा कि करनाल को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में भी समाज को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसके लिए संस्था स्तर पर ठोस योजना तैयार की जाएगी। प्रधान विनोद गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित भव्य अग्र लीला संस्था का सबसे सफल आयोजन रहा। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलते हुए संस्था समाजहित और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य कर रही है।

### उपस्थित रहे

संरक्षक शम्मी बंसल, संरक्षक राम कुमार गुप्ता, प्रधान विनोद गुप्ता, महासचिव नरेश गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, पूर्व प्रधान डॉ. एस.के. गोयल, नरेश गोयल, सुरेश जिंदल, अशोक गुप्ता, पुनीत मित्तल, अंकुर गुप्ता, प्रवीण मित्तल, आशीष गुप्ता, रमन बंसल, बृज गर्ग, हरीश अग्रवाल, जगमाल गुप्ता, प्रवीण बंसल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने विद्यार्थियों को नशा, साइबर अपराध और यातायात की दी जानकारी

■ हरियाणा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर करनाल पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर करनाल पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक रामलाल की टीम ने एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को नशे से बचाव, आत्मसुरक्षा, साईबर अपराध तथा यातायात नियमों के पालन विषय पर जागरूक किया। पुलिस टीम ने डायल-112, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और नशा विरोधी मानस पोर्टल 1933 की जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल देता है। निर्देश दिए गए कि छात्र स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएँ। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे कार्यक्रमों के लिए पुलिस का आभार जताया।

### विदेश भेजने के नाम धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**करनाल।** थाना मधुबन पुलिस ने उप निरीक्षक लछमन सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गांव शामगढ़ से संदीप उर्फ सैंडी निवासी गांव दरड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता सन्नी कुमार को विदेश भेजने के नाम पर 3 लाख रुपये ठगने का आरोप है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी शिकायतकर्ता से कंबोडिया भेजने का वादा कर उसका पासपोर्ट व पैसे ले गया, लेकिन टिकट मलेशिया की करवा दी। शिकायत पर 17 अक्टूबर 2025 को धोखाधड़ी व इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की जांच जारी है। कार्रवाई करते हुए गांव शामगढ़ से संदीप उर्फ सैंडी निवासी गांव दरड़ को गिरफ्तार किया है।

# विद्यार्थियों में बढ़ते अवसाद का मूल कारण संवादहीनता: डॉ. रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा छात्रों में तनाव, अवसाद और निर्णय लेने में आने वाली मुश्किलों को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. राजेश कुमार मेहरा, डॉ. संतोष और डॉ. प्रियंका ने छात्रों से संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समाधान बताए। डॉ. संतोष ने कई विद्यार्थियों की व्यक्तिगत समस्याएँ सुनकर उनकी काउंसलिंग की और उन्हें मनोवैज्ञानिक उपचार के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि "विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच संवाद का टूटना युवाओं में मानसिक अवसाद का मुख्य कारण है।" उन्होंने कहा कि अकेलापन, खेलों से दूरी और गलत संगति भी मानसिक विकारों को बढ़ाती है। डॉ. सैनी ने विद्यार्थियों से योग और प्राणायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की, जिससे मानसिक शक्ति बढ़ती है और तनाव कम होता है।



**इंद्री।** दरगाह पर चादर चढ़ाते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### दरगाह पर सालाना उर्स व भंडारे का किया आयोजन

**इंद्री।** इंद्री के साथ लगते गांव गुढ़ा स्थित अनाज मंडी के गेट नंबर 4 के समीप हजरत जिंदा पीर रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर सालाना उर्स व भंडारे का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए सेवादार प्रवीण भाई ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत जिंदा पीर रहमत अलैह की दरगाह पर सालाना उर्स धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दरगाह पर चादर चढ़ा कर किया गया। उसके बाद एक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रवीण भाई ने बताया कि रात्रि 8 बजे पीर बाबा की दरगाह पर कव्वालियों का कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें यूपी से आए कव्वाल कव्वालियों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मात्र से पाप हो जाते हैं दूर: कथावाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा व आस्था के अनूठे वातावरण में हुआ। कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ ने मंदिर परिसर को भक्ति रस से भर दिया। मानव सेवा संघ के संस्थापक स्वामी प्रेममूर्ति जी की उपस्थिति में यजमानों व मंदिर समिति के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कथावाचक आचार्य लाल मणी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि "जैसे मृग सिंह को देखकर भागता है, वैसे ही भागवत श्रवण से पाप दूर हो जाते हैं। करोड़ों जन्मों का पुण्य उदय होने पर ही यह कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है।" उन्होंने धुंधकारी मोक्ष, गोकर्ण जी तथा आत्मा देव की कथा सुनाकर बताया कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाने वाली दिव्य ग्रंथ है। आचार्य ने कहा कि कथा सुनने से सौ करोड़ यज्ञ के बराबर फल प्राप्त होता है और मन को शांति मिलती है। कार्यक्रम में देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला, हरीश सहित बड़ी संख्या में



**इंद्री।** पिकाडली एग्रो शुगर मिल भादसों के नये पिराई सत्र के अवसर पर हवन यज्ञ करते मिल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### पिकाडली एग्रो शुगर मिल भादसों का नया पिराई

इंद्री। रविवार को भादसों स्थित पिकाडली एग्रो शुगर मिल में हवन यज्ञ के साथ नये पिराई सत्र की शुरुआत हो गई। मिल प्रशासन की ओर से यूनिट हेड संतोख सिंह तथा गन्ना महाप्रबंधक कर्म सिंह ने बताया कि रविवार से मिल में नये पिराई सत्र की शुरुआत की गई है। इस नये पिराई सत्र मे किसानों को तेज और पारदर्शी सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से ऐप सिस्टम शुरू किया जा रहा है। मिल प्रशासन ने बताया कि ऐप के माध्यम से ट्रॉली टोकन बुकिंग और यार्ड स्थिति की रीयल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसानों का समय बचाने में मदद मिलेगी। पिकाडली शुगर मिल के इस पहल का उद्देश्य गन्ना उत्पादकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और पिराई प्रक्रिया को सुगम बनाना है। इस अवसर पर काफी संख्या मे किसान मौजूद रहें।



### करनाल में नगर कीर्तन यात्रा पर की पुष्पवर्षा

**करनाल।** नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी दिवस पर निकाली जा रही नगर कीर्तन यात्रा का करनाल में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने यात्रा पर फूल बरसाए और सेवा के स्वरूप फलों व चाय का वितरण किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश झींडा ने बताया कि यह यात्रा 14 नवंबर को फरीदाबाद से शुरू हुई थी और रात्रि विश्राम के बाद तरावड़ी से आगे कुरुक्षेत्र रवाना होगी। स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, पलविंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह दुआ, अमरजीत सिंह बावा सहित अनेक पदाधिकारियों व संगतों ने यात्रा का स्वागत किया। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### पृथ्वी विहार में युवक पर चाकू से हमला

**करनाल।** शहर के पृथ्वी विहार इलाके में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब युवक अपने घर के बाहर मौजूद था। हमलावरों ने पहले मारपीट की और फिर युवक पर 3–4 बार चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पीड़ित का आरोप है कि पृथ्वी विहार निवासी उदय, बसंत, सुभम सहित करीब 15–20 लड़के एक साथ आए और चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं है।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में अखंड पाठ आरंभ

# मानवता की मिसाल: शिविर में 90 यूनिट रक्त किया एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज के 56वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन कॉलेज स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का शुभारंभ श्रद्धा और परंपरा के साथ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस, महासचिव स. सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा, प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह, प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक हुए। सबने कॉलेज और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज में आयोजित विशाल





**करनाल।** निर्णायक मंडल में डॉ. सोम सिंह, स. कुलवंत सिंह और दिव्यम सोढी शामिल रहे। *फोटो : हरिभूमि*

रक्तदान शिविर में 90 यूनिट रक्तदान हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल रेंज डॉ. एम. रवि किरण (IPS) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान देने तथा नशे और अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दी।

### मुख्य अतिथि का स्वागत किया

प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थी यहां मेरिट में स्थान पाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि 1969 में गुरु नानक देव जी के 500वें प्रकाश पर्व पर स्थापित यह कॉलेज शिक्षा जगत में विशेष पहचान बना चुका है। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज की उन्नति में पूर्व प्रधान, सांसद एवं स्पीकर स. तारा सिंह का विशिष्ट योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और स्टाफ ने रक्तदान किया है। मंच संचालन डॉ. देवी भूषण, तथा संचालन में सहयोग डॉ. दीपक ने किया।

### रक्तदान करने वालों में ये रहे शामिल

इस अवसर पर डॉ. देवी भूषण, डॉ. अजय, डॉ. कृष्ण राम, प्रो. नीरज, प्रो. नीतीश, प्रो. कुलदीप, प्रो. मनीष, प्रो. रीतिका, कर्मचारी गुरविंद्र, अमित, गुरपाल सिंह सहित 13 स्टाफ सदस्यों व समिति सदस्य रणजीत मान ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान इंटर स्कूल शब्द गायन प्रतियोगिता में 11 स्कूलों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश संधु, प्राचार्या गणेश दास डीएवी शिक्षण महाविद्यालय ने सभी रक्तदाताओं को किया सम्मानित।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** जिला की यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा वाहन चालकों को जागरूक किया। डीएसपी सुरेश सैनी कहा कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक व चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं।

### ब्राह्मण महासंघ का अभियान शुरू

**पानीपत।** ब्राहमण महासंघ हरियाणा की ओर से जिले भर में सदस्यता अभियान जोरो पर चलाया जा रहा है। जिसकों लेकर प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम गांव-गांव जाकर समाज के लोगों से विचार विमर्श कर सदस्य बना रहे है। वहीं, गौतम ने कहा कि सदस्यता अभियान से समाज को जहां एकजुट होने का एक मंच प्राप्त होगा। वहीं समाज की समस्याओं के निवारण के लिए भी हम सब मिलकर हल निकाल सकेंगे।

### फैक्ट्री से 80 हजार रुपये और कागजात चोरी

**पानीपत।** पानीपत से बापौली जाने वाली सड़क पर स्थित दाक्षी ट्रेडर्स फैक्ट्री से चोरों ने 80 हजार रुपये नकदी और कागजात चोरी कर लिए। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर घटनास्थल की जांच की और अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जंबूरी के लिए दल रवाना किया

**पानीपत।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला पानीपत का 96 सदस्यीय दल 19वीं राष्ट्रीय गोल्डन जुबली जंबूरी में भाग लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उनको बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मीना कंबोज, जयबीर दहिया आदि उपस्थित रहे।

### बेटियां लेगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग : रोहिता

**पानीपत।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक रोहिता ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला विकास निगम द्वारा हरियाणा की बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) स्थायी निवासी लड़कियों/महिलाओं के लिए बहादुरगढ़ (झज्जर) तथा रोहतक में स्थित मारूति सुजुकी ट्रेनिंग सेंटर तथा कैथल में स्थित अशोक लेलैंड डेलोवर्स ट्रेनिंग इंस्टीटयूट में 21 दिन का चालक प्रशिक्षण तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### गन्ना किसानों को मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** गन्ना खेती को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार ने कारगर कदम उठाए है। वहीं, गन्ना बीज नर्सरी स्थापित करने पर किसान को पांच हजार रुपये प्रति एकड़, चौड़ी खुढ विधि से बिजाई पर तीन हजार रुपये प्रति एकड़, एकल आंख विधि से बिजाई पर तीन हजार रुपये प्रति एकड़, किस्म सीओ -15023 की बिजाई पर पांच हजार रुपये प्रति एकड़, किस्म सीओ -15023 का बीज अन्य किसानों को बेचने पर पांच हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान निर्धारित किया है।

### छात्रों के लिए हेल्प डेस्क बनाई

**पानीपत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 से पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से लागू करने का निर्णय लिया है। योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को आसानी से मिल सके इसके लिए जिला सचिवालय में हेल्प डेस्क बनाई गई है।

### इस्कॉन के हरिनाम संकीर्तन स्टॉल का किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर इस्कॉन द्वारा स्थापित हरिनाम संकीर्तन एवं सेवा स्टॉल का उद्घाटन एक अमेरिकी वैष्णव संत की उपस्थिति में किया गया।

---

कैंप में जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल पीठ दर्द व माइग्रेन के 140 मरीजों ने लाभ उठाया

# रोग निवारण में रामबाण है एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति

## श्री रामा कृषणा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फ्री एक्यूपंक्चर मेडिकल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्री रामा कृषणा चैरिटेबल ट्रस्ट ने भारतीय मेडिकल मिशन टू चाइना (1938–1942) की 87वीं वर्षगांठ तथा डॉ. कोटनिस एक्यूपंक्चर हॉस्पिटल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर कम्युनिटी सेंटर न्यू शांति नगर में दो दिवसीय निःशुल्क एक्यूपंक्चर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल पीठ दर्द व माइग्रेन के 140 मरीजों ने लाभ उठाया। इधर, एक्युपंचरीस्ट डॉ. प्रियंका मुरार ने बताया कि एक्यूपंक्चर पद्धति से असाध्य बीमारियों का इलाज संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में पिछले कई वर्षों से

■ जल्द पानीपत में चैरिटेबल एक्युपंचर सेंटर खोला जाएगा



**पानीपत।** आयोजित कैंप में रोगी का उपचार करते हुए एक्युपंचरीस्ट डॉ. प्रियंका मुरार। फोटो : हरिभूमि

पिछले कई वर्षों से जोड़ों को दर्द, सर्वाइकल नजला, जुकाम व माइग्रेन से पीड़ति मरीजों ने इलाज करवाया इलाज के दौरान मरीजो को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से ठीक नहीं हो रहे थे एक्यूपंचर के दो दिन के इलाज में उन्हें काफी राहत महसूस हुई। इधर, श्री रामकृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान राकेश भयाना ने बताया कि डॉ. डीएन कोटनिस एक्युपंचर हॉस्पिटल लुधियाना को 50 साल पूरे हो चुके हैं। वहीं, अस्पताल में उपचार लेकर हजारों मरीज स्वस्थ्य हुए है। जबकि हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. इंदरजीत सिंह ढींगरा ने संस्था को जानकारी दी कि जल्द एक्यूपंचर के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक्यूपंक्चर पद्धति से लोगों को राहत मिलती है। इसलिये जल्द पानीपत में चैरिटेबल एक्युपंचर सेंटर खोला जाएगा। इस अवसर पर कमल, श्याम, गुलशन, सुरेश व अमन आदि उपस्थित रहे।

---


**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक प्रमोद विज।

■ मुख्यमंत्री से मिले विधायक प्रमोद विज, वस्तुस्थित की जानकारी दी

# पालिका बाजार की बिल्डिंग नहीं गिराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के पालिका बाजार के व्यापारियों की दुकान डिमोलिश करने का मामला अब मुख्यमंत्री नायाब सैनी के पास पहुंच गया है, फिलहाल पालिका बाजार की दुकानों की तोड़ फोड़ नहीं की जाएगी। गत दिनों व्यापारियों ने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज से उनके कार्यालय में मुलाकात की थी एवं अपनी समस्या से अवगत कराया था। विधायक विज ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि उनके द्वारा मामले से मुख्यमंत्री नायब सैनी को अवगत कराया जाएगा, बीते दिन प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराया एवं बिल्डिंग का पुनः सर्वे कराने की मांग मुख्यमंत्री सैनी के समक्ष रखी है। मुख्यमंत्री सैनी ने आश्वासन दिया है कि पालिका बाजार के व्यापरियों की समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा एवं बिल्डिंग के सर्वे के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इधर, विज ने बातचीत में कहा कि इस बिल्डिंग में करीब 40 साल से भी पहले के व्यापारी व्यापार करते हैं एवं कई परिवारों का गुजारा होता है। ऐसे में उनका धर्म बनता है कि उनकी समस्या का समाधान कराया जाए, व्यापारी भाइयों को कोई समस्या न हो इसलिए पूर्ण प्रयासरत हूं। दूसरी ओर, पालिका बाजार के व्यापारी पंकज ने विधायक विज का पालिका बाजार के सभी व्यापारियों की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के द्वारा उन सब के लिए सराहनीय पहल की गयी है, वे विधायक विज का आभार व्यक्त करते हुए है।

---


**पानीपत।** सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ब्रह्मकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर केंद्र के वार्षिकोत्सव में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कल्याण के मार्ग पर चलना तपस्या : डॉ. अरविंद

**पानीपत।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका सरल नहीं है। आमजन के कल्याण के मार्ग पर चलना तपस्या है। वे रविवार को गांव थिराना स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान मानसरोवर केंद्र के 12वें वार्षिकोत्सव अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। मंत्री शर्मा ने कहा कि समाज उत्थान व कल्याण के लिए परिवार का त्याग करना वर्तमान समय में बड़ा कदम है। देश व समाज को मजबूत बनाने के लिए ज्ञान मानसरोवर केन्द्र की तरफ जो कदम उठाए जा रहे हैं, उससे आमजन के जीवन मे सरलता आती है। कैबिनेट मंत्री ने आमजन हित कार्यों के लिए स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर राजयोगिनी सरला दीदी, भारत भूषण, बिंदु दीदी, निपुण भाई, रक्षा दीदी, बलबीर बहन, रानी दीदी, स्नेह दीदी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

---

### इंसान को तनाव मुक्त करता है मनोरंजनः डॉ. मलिक

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एमए फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शार्लोट ब्रांट द्वारा रचित जेन एयर विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने फिल्म के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम पर आधारित विषय जेन एयर के बारे में जानकारी अर्जित की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि वीडियो, एनीमेशन, और इंटरेक्टिव ग्राफ़िक्स के उपयोग से पढ़ाई या प्रस्तुति अधिक मनोरंजक और आकर्षक बन जाती है, जिससे बोरियत कम होती है। वर्चुअल सिमुलेशन और अन्य दृश्य तकनीकों के माध्यम से, ये अमूर्त विचारों को समझने में मदद करते हैं और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर डॉ. नीलम, डॉ. निधि, डॉ. स्वाती पुनिया, डॉ. नेहा पूनिया, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. राहुल, प्रो. रेशु, प्रो. दीप्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# देवदर्शन योजना में चमकाएंगे चुलकाना धाम : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार चुलकाना धाम को देव दर्शन योजना के तहत चमकाएगी। वहीं, श्याम भक्तों द्वारा पानीपत से चुलकाना श्री श्याम भव्य निशान यात्रा न केवल सनातन धर्म को मजबूत करेगी, अपितु राष्ट्रीय एकता की भावना को भी सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आस्था के बड़े केन्द्र चुलकाना धाम पर आने वाले भक्तों को बेहतर सड़कें और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रविवार को श्री नवयुवक खाटूश्याम मित्र मंडल के सौजन्य एवं भजन गायक कन्हैया

■ श्याम भव्य निशान यात्रा में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शामिल हुए


**पानीपत।** हरियाणा सरकार के मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, चुलकाना धाम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मित्तल के नेतृत्व में पानीपत से चुलकाना धाम तक आयोजित श्री श्याम भव्य निशान यात्रा में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शामिल हुए। पदयात्रा में खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाणधारी की जय, शीश के दानी की जय के जयकारों के बीच सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने श्याम भक्तों को संबोधित किया। इधर, मंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम के चरणों मे चुलकाना धाम निरन्तर आने का उन्हें भी सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के केंद्र चुलकाना धाम को देव दर्शन योजना के तहत विकसित करते हुए बेहतरीन सड़कें व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम का आदेश है, श्रद्धालुओं के लिए हम सब मिलकर चुलकाना धाम को चमकाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व प्रदेश में समान भाव से विकास किया जा रहा है। मंत्री डॉ शर्मा ने निशान यात्रा की पदयात्रा के लिए सराहना करते हुए कहा कि उनके विचार सनातन धर्म को मजबूत बनाने और आमजन को राष्ट्रीय एकता के भाव के साथ जोड़ने के हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा श्रद्धालुओं के साथ-साथ आमजन में जागरूकता लाएगी और लोगों में जोश एवं उत्साह भरने का काम करेगी। इस पदयात्रा में समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना भी शामिल हुए।

---

### घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनए जा रहे खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसकों लेकर ग्रामीणा व अभिभावकों में रोष व्याप्त है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा का कहना है कि उन्हें उक्त मामलें की अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही जांच करवाकर ठोस कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

---

# मानवता के लिए 55 नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

समालखा निफा संस्था द्वारा एचडीएफसी बैंक समालखा के सहयोग से जितेन्द्रा हस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। वहीं, निफा टीम के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान शिविर पानीपत सिविल हस्पताल ब्लड बैंक से डॉक्टर रजत गुप्ता के नेतृत्व में लगाया गया और इस शिविर में 55 नागरिकों ने रक्तदान किया। संदीप शर्मा ने बताया की निफा संस्था द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पूरे भारत वर्ष मे रक्तदान कैंप लगाए जा रहे हैं और जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रक्तदान शिविर मे जितेन्द्रा हस्पताल से डॉ. जितेंद्र व उनके सम्पूर्ण स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।


**पानीपत।** निफा व एचडीएफसी बैंक के पदाधिकारीगण रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस शिविर मे एचडीएफसी बैंक समालखा से जितेंद्र सिंह व निफा समालखा से सचिव देवेंदर पाल सिंह, महिला विंग को-ऑर्डिनेटर मनिंदर कौर, ग्रामीण इंचार्ज डॉक्टर जोगिंदर गाहल्याण, निशा मल्होत्रा, राजेंदर मनचंदा, सौरव मित्तल, पंकज मल्होत्रा, शंकर रावत, आसिफ, प्रवीण शर्मा आदि

---

# पानीपत के ग्रामीण अंचल में भी दौड़ेगी रोडवेज की ई-बसें, 50 बसें मिली

**पानीपत।** हरियाणा रोडवेज विभाग की पानीपत जिला के शहरी क्षेत्र के साथ साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोडवेज की ई-बस (इलेक्ट्रिक बसें) चलाने की तैयारी है। डिपो को इसके लिए 15 नई एसी ई-बसें मिल गई हैं और पांच अभी आनी हैं। फिलहाल पानीपत के शहरी क्षेत्र में सड़कों पर पांच ई-बसें चल रही हैं। वहीं, नई बसों को जनता को समर्पित हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। इलेक्ट्रिक बसों के चलने से यात्रियों को आवागमन करने में काफी लाभ होगा। वहीं, पानीपत में रोडवेज के जीएम विक्रम कंबोज ने बताया कि योजना के तहत कुल 50 ई-बसें पानीपत को मिलनी हैं। फिलहाल 20 बसें पानीपत रोडवेज के पास है, बाकी बसें जल्द ही डिपो में पहुंचेंगी। ये सभी बसें वातानुकूलित हैं और एक बार फुल चार्ज होने पर करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अधिकारियों ने कहा कि एक बस मात्र एक घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है।

■ 15 नई ई-बसें मिली, पांच ई-बसें जल्द मिलेगी, आधुनिक सुविधाओं से लैस है ई-बसें, हजारों यात्रियों को होगा लाभ, रोडवेज का बढेगा मुनाफा

**बसों का ये रूट तय किया**

ई-बसें पानीपत शहर के साथ-साथ गांव बापौली, इसराना, मडलौडा, समालखा, बबैल, सिवाह, दीवाना, बिंझौल, उग्राखेडी, कुटानी, चंदौली, सफीदों, करनाल, बापौल, टोल प्लाजा और आसपास क्षेत्रों तक संचालित की जाएगी। इन बसों के चलने से हजारों लोगों को सुगम, सस्ती और प्रदूषण-मुक्त यात्रा सुविधा मिलेगी। वहीं, एक ई-बस की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है। बसों में यात्रियों के बैठने के लिए आरामदायक सीटें, स्वचालित एलान प्रणाली और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रत्येक स्टेशन पर यात्रियों को उतरने और चढ़ने की जानकारी ऑडियो अलर्ट से दी जाएगी। दूसरी ओर, पुराने बस स्टैंड के पास ई-बसों के लिए एक अलग ई-बस डिपो बनाया गया है, जहां नौ चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं। इनसे एक साथ कई बसों को चार्ज किया जा सकता है, जिससे सेवाएं बाधित न हों। यात्रियों को लगातार इस बस का लाभ मिलता रहे।

---

## नागरिकों की आंखों की जांच की गई और जरूरमंदों को उपचार दिया

# आदर्श एक विश्वास ने लगाया 81वां मेडिकल कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आदर्श एक विश्वास के द्वारा 81वां मेडिकल कैम्प नेत्र जांच शिविर सावन पार्क स्थित गुरुद्वारे में लगवाया। वहीं, मेडिकल कैंप में डॉ. संजय सेन, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. संचित गोयल, डॉ. पुलकित गोयल, डॉ. पारस सहगल, ऑप्ट नरेंद्र कुमार के द्वारा नागरिकों की आंखों की जांच की गई और जरूरमंदों को उपचार दिया गया और निशुल्क चुश्में भेंट किए गए। इधर, डॉ. संजय सेन ने बताया की सर्दी के मौसम में बुजुर्ग लोगों में हार्ट को लेकर काफी समस्या जो जाती है बदलते मौसम के अनुसार बुजुर्गों को उचित खानपान के साथ अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें। वहीं, मेडिकल कैंप में फ्री बीएमडी टेस्ट, शुगर टेस्ट, नजर के चश्मे, टूथ ब्रश व पेस्ट, दवाई निशुल्क दी गई। इधर, आदर्श एक विश्वास से प्रधान नवीन मुंजाल, प्रमोद शर्मा ने बताया की संस्था के द्वारा पानीपत के हर जरूरतमंद जगह पर संस्था द्वारा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी संदर्भ में कैंप का आयोजन सावन पार्क के गुरुद्वारे में किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य गौरव तागरा, अशोक कालरा, महेश शास्त्री, हर्ष सहगल, हेमंत उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास के अध्यक्ष नवीन मुंजाल, चिकित्सक ों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)**

❖ श्री दलवीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरविंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथुरिया सुपुत्र रविंदर कथुरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामलिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

